एस0 के0 माहेश्वरी
I.A.S (Retd.)
परियोजना निदेशक

**विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा वर्ष 2022–23**
**मुख्य परीक्षा –''ऑन लाईन परीक्षा'' सम्बधी मार्ग दर्शिका**

प्रिय परीक्षार्थी,


आपको यह अवगत कराते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि विद्याज्ञान स्कूल में कक्षा 6 व 7 में प्रवेश हेतु जनपद स्तर पर दिनांक 10.04.2022 को आयोजित प्रारम्भिक लिखित परीक्षा के मूल्यांकन के उपरान्त अभिज्ञात किये गये सर्वोच्च अंक प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों के मध्य मुख्य परीक्षा नियत तिथि एवं समय पर नियत परीक्षा केन्द्र पर आयोजित की जा रही है। कृपया अवगत हों कि मुख्य परीक्षा **''ऑन लाईन परीक्षा''** आयोजित की जावेगी और **''ऑन लाईन परीक्षा''** सम्बधी परीक्षा प्रक्रिया का 'डेमो' (प्रदर्शन) को विद्याज्ञान की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इस 'डेमो' (प्रदर्शन) को देखने तथा अभ्यास के लिये कम्प्यूटर तथा नेट कनेक्सन की आवश्यकता होगी। नियत परीक्षा केन्द्र पर भी 'डेमो' (प्रदर्शन) तथा अभ्यास की व्यवस्था की गई है किन्तु फिर भी यह अत्यन्त उपयोगी होगा कि **''ऑन लाईन परीक्षा''** का 'डेमो' किसी निकटवर्ती ''बी0आर0सी0'' अथवा निकटवर्ती ''साइबर कैफे'' में जाकर अवश्य अभ्यस्त हो जाना चाहिये (विशेष रूप से 'माउस'' को चलाना या उपयोग करने की प्रक्रिया से अभ्यस्त हो जाना उपयोगी होगा)। आपको यह परामर्श भी दिया जाता है कि परीक्षा कक्ष में पहुँचने से पूर्व इस **'आन लाइन परीक्षा मार्ग दर्शिका'** का गहन अध्ययन कर लें जिससे परीक्षार्थी में आत्म विश्वास हो सकेगा :–

- कृपया ध्यानपूर्वक 'आन लाइन परीक्षा' की प्रणाली का गहन तरीके से अध्ययन कर लें, कि परीक्षा का प्रारम्भ कैसे होगा तथा प्रश्नों के उत्तर कैसे दिये जा सकते हैं।
- एक संक्षिप्त वीडियो, जो विद्याज्ञान की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा, की सहायता से आपको ''आन लाइन परीक्षा'' में कैसे भाग लिया जा सकता है तथा कैसे अभ्यास किया जा सकता है का अवलोकन अवश्य करें।
- परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी की सीट पर भी अभ्यास के रूप में कुछ प्रश्नों का एक 'डेमो' प्रदर्शित होगा जिससें परीक्षार्थी वास्तविक परीक्षा प्रक्रिया से भिज्ञ हो सकेगें।

**नोट 1 :** **''ऑन लाईन परीक्षा''** सम्बधी सहायता जैसे कि 'आन लाइन परीक्षा मार्ग दर्शिका' तथा 'आन लाइन परीक्षा'' का 'डेमो' तथा वीडियो विद्याज्ञान की वेबसाइट (http://www.vidyagyan.in) पर उपलब्ध है।

**नोट 2 :** **''ऑन लाईन परीक्षा''** टेस्ट सम्बधी वीडियो का अवलोकन तथा डेमो टेस्ट पर अभ्यास करने हेतु कम्प्यूटर की सुविधा होनी चाहिये अन्यथा यह डेमो निकटवर्ती 'साइवर केफे' पर जाकर देखा जा सकता है। 'परीक्षा' के प्रारम्भ होते ही चित्र–1 के अनुसार कम्प्यूटर स्क्रीन निम्न प्रकार प्रदर्शित होगाः–

VIDYAGYAN
||VIDYA PARAM AISHWARYAM||





चित्र–1

1. आन लाइन' परीक्षा में भाग लेने के लिये 'लाग इन' करने हेतु चित्र–1 में कम्प्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित भाग में ''यूनिक नम्बर'' (सूचना पत्र में अंकित यूनिक नम्बर की सहायता से) तथा परीक्षा केन्द्र पर प्रदान किया गया 'पासवर्ड' डालना होगा।
2. मुख्य परीक्षा में भाग लेने हेतु प्राप्त सूचना पत्र में अंकित यूनिक नम्बर को चित्र–1 मे प्रदर्शित कम्प्यूटर स्क्रीन के "A" स्थल पर माउस से 'क्लिक' करने पर प्रविष्ट करनी है।
3. मुख्य परीक्षा केन्द्र पर यूनिक नम्बर की सहयता से आपको 4 इकाईयों का एक 'पासवर्ड' प्रदान किया जावेगा। इस 'पासवर्ड' को चित्र–1 में प्रदर्शित कम्प्यूटर स्क्रीन के "B" स्थल पर माउस से क्लिक' करने पर प्रविष्ट करना है।

**नोट :** 'डेमो' टेस्ट के लिए आपको केवल अपना यूनिक नम्बर की प्रविष्टि करनी होगी और पासवर्ड प्रविष्टि आवश्यक नहीं है।

4. यूनिक नम्बर तथा 'पासवर्ड' की प्रविष्टि करने पर चित्र–1 मे प्रदर्शित "C" स्थल पर ''आगे बढो'' पर माउस से क्लिक करते ही चित्र–2 जैसा कम्प्यूटर स्क्रीन आ जायेगा। अब कम्प्यूटर स्क्रीन पर चित्र–2 पर उपस्थित स्क्रीन के अनुसार आपको निम्नलिखित सूचनायें उपलब्ध होगी :–




चित्र–2

(क) परीक्षा सम्बधी आवश्यक निर्देश।

(ख) आपकी व्यक्तिगत जानकारी जैसे आपका नाम, यूनिक नंबर और आपके पिता का नाम चित्र–2 में "A" पर प्रदर्शित होगा।

(ग) परीक्षा पूर्ण करने हेतू आंवटित समय– चित्र–2 में "B" पर प्रदर्शित होगा।

(घ) परीक्षा में दिए गए कुल प्रश्न– चित्र–2 में "C" पर प्रदर्शित होगा।

(च) चित्र–2 के "D" स्थल पर प्रदर्शित बटन " मैं परीक्षा शुरू करनें के लिए तैयार हूँ" पर माउस से क्लिक करते ही परीक्षा शुरू हो जाती है

**सावधानी**– चित्र–2 में प्रदर्शित समय निर्देश संदर्भ के बिन्दु हैं। 'कम्प्यूटर स्क्रीन' में परीक्षा सम्बधी निर्देशो कों ध्यानपूर्वक एवं सतर्कता से अवश्य पढ़ें। सबसे पहले आप अपना यूनिक नंबर, अपना नाम और अपने पिता का नाम चेक करें। किसी भी गलती के मामले में, कृपया परीक्षक से संपर्क करें और तब तक परीक्षा शुरू न करें। 'वास्तविक परीक्षा' चित्र–2 में प्रदर्शित "D " स्थल पर 'मैं परीक्षा शुरू करने के लिए तैयार हूँ' के बटन पर माउस से क्लिक करने पर ही प्रारम्भ होगी।

5. जैसे ही आप 'मैं परीक्षा शुरू करने के लिए तैयार हूँ' सम्बधी बटन को माउस से क्लिक करेंगे वैसे ही परीक्षा प्रारम्भ होकर कम्प्यूटर स्क्रीन पर चित्र–3 प्रदर्शित होगा जिस पर निम्नलिखित सूचनायें उपलब्ध होंगीः–





चित्र–3

(क) परीक्षा 3 खण्डों में विभाजित होगी और स्क्रीन के सबसे ऊपर चारों खण्ड चित्र–3 में "A" स्थल के अनुसार प्रदर्शित होंगे।
(ख) प्रत्येक खण्ड में कुछ ''प्रश्न'' होंगे और प्रत्येक प्रश्न के 4 सम्भावित उत्तर होंगे जिसमें एक सही होगा। आपको सही उत्तर को ही माउस से क्लिक करना है।
(ग) परीक्षा के प्रारम्भ में कम्प्यूटर स्क्रीन में आप प्रथम खण्ड पर होंगे और उसका प्रथम प्रश्न दिखाई देगा।
(घ) इस प्रश्न के चारों विकल्प उत्तर प्रदर्शित होंगे और परीक्षार्थी को सही उत्तर का चयन कर उस विकल्प पर क्लिक करना है।
(च) यदि आप किसी समय प्रश्न का उत्तर संशोधित करना चाहते हैं तो परीक्षा के दौरान समीक्षा कर संशोधन कर सकते है ।

6. कम्प्यूटर स्क्रीन पर चित्र–3 के अनुसार सबसे नीचे दो बटन "B" स्थल पर प्रदर्शित होंगे।
(क) यदि आप ''पिछला प्रश्न'' बटन पर माउस से क्लिक करेंगे तो कम्प्यूटर स्क्रीन पर पिछला प्रश्न आ जायेगा।
(ख) यदि आप '' अगला प्रश्न'' बटन पर माउस से क्लिक करेंगे तो आपके कम्प्यूटर स्क्रीन पर अगला प्रश्न आ जायेगा।
7. यदि आप किसी उत्तर की बाद में समीक्षा करना चाहते है तो चित्र–3 के "C" स्थल पर प्रदर्शित ''समीक्षा के लिए मार्क करें'' सम्बधी बटन पर क्लिक कर उसी समय अथवा परीक्षा समाप्त होने से पहले तक समीक्षा कर सकते हैं।
8. यदि आप किसी अन्य खण्ड के प्रश्नों का उत्तर पहले देना चाहते हैं तो जैसे कि आप खण्ड –क पर है और आप खण्ड –ख अथवा किसी अन्य खण्ड के प्रश्न का उत्तर पहले देना चाहते है तो चित्र–3 में प्रदर्शित "A" स्थल पर अपनी इच्छा के अनुसार खण्ड के नाम पर माउस से क्लिक कर पहुंच सकते हैं तथा उस खण्ड के प्रश्नों का उत्तर दे सकते है।
9. कम्प्यूटर के स्क्रीन के सबसे उपर दायी ओर उपलब्ध अवशेष समय का विवरण निरंतर चित्र–3 के **"D"** स्थल के अनुसार आता रहेगा। जैसे–जैसे परीक्षा का समय व्यतीत होता जायेगा, कुल अवशेष समय कम होता जायेगा। अतः आपको अवशेष समय पर ध्यान देना होगा।
10. चित्र–3 के **"E"** स्थल पर आपको यूनिक नंबर, नाम और पिता का नाम प्रदर्शित होगा।
11. कृपया चित्र के **"F"** भाग को देखें जिसमें कम्प्यूटर स्क्रीन पर दायीं ओर उन प्रश्नों का नम्बर/विवरण होगा जिन्हें विभिन्न रंगो के कोड दिये गये हैः–
(क) कम्प्यूटर के स्क्रीन पर प्रदर्शित नम्बर जिनका उत्तर वर्तमान में दे रहें हैं उनका कोड – 'लाल' रंग से प्रदर्शित होगा।
(ख) जब आपने किसी प्रश्न का उत्तर दे दिया है और आप अगले प्रश्न पर बढ़ गयें है तो उत्तरित प्रश्न 'हरे' रंग के कोड से प्रदशित होगा।
(ग) प्रश्न जिसका आपने अभी तक उत्तर नहीं दिया है तो उसका कोड 'सलेटी' रंग से प्रदर्शित होगा।
(घ) 'बैंगनी' रंग के कोड से प्रदर्शित प्रश्न का तात्पर्य है कि आपने प्रश्न का उत्तर नही दिया है और आप बाद में उसकी समीक्षा करना चाहते हैं।
(च) 'नीले रंग' के कोड से प्रदर्शित प्रश्न का तात्पर्य है कि आपने प्रश्न का उत्तर तो दिया है किन्तु बाद में आप उसकी समीक्षा करना चाहते हैं।
(छ) समस्त रंगों का अर्थ/तात्पर्य और प्रश्नो की संख्या कम्प्यूटर के स्क्रीन पर चित्र–3 के "G" के अनुसार प्रदर्शित किया जाता रहेगा ।


12. यदि किसी प्रश्न में 'फिगर' या 'चित्र' दिया गया है और आप उसके आकार को बढाना चाहते हैं तो चित्र पर माउस से क्लिक करने पर उसका आकार बढ़ जायेगा।




चित्र–4


## <u>परीक्षा को पूर्ण कैसे करे :–</u>

13. खण्ड 3 के अंतिम प्रश्न पर पहुँचने पर आपको चित्र–5 के **"A"** स्थल पर प्रदर्शित बटन ''परीक्षा समाप्त करें'' उपलब्ध होगा।




चित्र–5

14. यदि आप परीक्षा पूर्ण कर चुके है तो उपरोक्त "परीक्षा समाप्त करें" बटन का माउस से क्लिक करने पर चित्र–6 के अनुसार कम्प्यूटर स्कीन प्रदशित होगा जिस पर निम्नलिखित सूचनायें उपलब्ध होंगीः–




चित्र–6

(क) आपने कितने प्रश्नों का उत्तर दे दिया है।
(ख) आपने कितने प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया है।
(ग) और आपने कितने प्रश्नों को बाद की समीक्षा (उत्तरित तथा अनुउत्तरित दोनों) के लिये मार्क किया है।

15. इसके उपरान्त चित्र–6 के "B" स्थल के अनुसार आपके कम्प्यूटर स्कीन पर दो बटन प्रदर्शित होगेः–

हॉ नही

(क) यदि आप परीक्षा समाप्त नही करना चाहते है तो 'नही' के बटन पर माउस से क्लिक कर पुनः एक बार समीक्षा कर सकते हैं।
(ख) यदि समय अवशेष है फिर भी आप परीक्षा समाप्त करना चाहते है तो कृपया परीक्षा निरीक्षक से संपर्क करें क्यों कि निरीक्षक ही आपकी परीक्षा समाप्त करने के लिए परीक्षा कोड दर्ज करेगा ("B" स्थल पर)
(ग) निरीक्षक द्वारा परीक्षा कोड दर्ज करने के बाद आपकी परीक्षा पूर्ण (सबमिट) हो जाती है और आपको परीक्षा को जारी रखने की अनुमति नहीं होगी। अतः अत्यन्त सतर्कता से जाँच कर ले कि आपने समस्त प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तब ही निरीक्षक को परीक्षा समाप्त करने के लिए कहें।
(घ) यदि आप परीक्षा निरंतर दे रहे हैं किन्तु आपका समय समाप्त हो चुका है, तब समय समाप्त होने के फलस्वरूप आपकी परीक्षा स्वतः ही सबमिट हो जायेगी।

16. परीक्षा पूर्ण होने के उपरान्त चित्र–7 पर प्रदर्शित स्थिति के अनुसार आपके कम्प्यूटर स्कीन पर निम्न संदेश प्रदर्शित होगाः–




चित्र–7

विद्याज्ञान प्रवेश हेतु आयोजित मुख्य परीक्षा वर्ष 2022–23 में भाग लेने के लिए धन्यवाद!

भवदीय

*शुभ कामनाओं सहित।*

**( एस0 के0 माहेश्वरी )**
परियोजना निदेशक, विद्याज्ञान